# जालोर में विश्नोई व गर्ग ने विकास रथों को रवाना किया



जालोर जिला प्रभारी मंत्री के .के .विश्नोई ने सरकारी योजना के प्रचार प्रसार को लेकर वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के कार्यकाल के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केन्द्र व राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के लिए बदलता राजस्थान-बढ़ता राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई व राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर से विधानसभावार विकास रथ एलईडी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई ने कहा कि राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला प्रशासन तथा सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के तत्वावधान में 5 विकास रथ जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आगामी 26 दिसम्बर तक भ्रमण कर केन्द्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुँचाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में दो वर्ष के अल्पकालीन समय में राज्य के नागरिकों के लिए अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं श्रमिकों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्व में होने वाली पेपरलीक संबंधित घटनाओं पर नकेल कसी है तथा सरकारी नौकरी हेतु प्रयासरत मेहनतकश युवाओं के लिए परीक्षाओं का कैलेण्डर वार सफल आयोजन किया जा रहा है। राइजिंग राजस्थान, प्रवासी राजस्थान जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य विकसित राजस्थान बनने के पथ पर अग्रसर है।

इस अवसर पर आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, महेन्द्र मेघवाल, जसराज राजपुरोहित, पूर्व मंत्री भूपेन्द्र देवासी, दानाराम चौधरी, दीपसिंह धनानी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, रवि सोलंकी, दुर्गाराम चौधरी, गजेन्द्र सिंह सिसोदिया सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

जिला प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई एवं राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को नगर परिषद परिसर में सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए रैली का आयोजन किया गया।

रैली को मुख्य अतिथियों ने नगर परिषद परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तत्पश्चात् रैली अस्पताल चौराहा, मुख्य बाजार एवं हरिदेव जोशी सर्किल तक संचालित होकर आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर स्वयं जागरूक रहने व दूसरों को जागरूक करने को लेकर शपथ दिलाई गई।

रैली में आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, महेन्द्र मेघवाल, जसराज राजपुरोहित, पूर्व मंत्री भूपेन्द्र देवासी, दानाराम चौधरी, दीपसिंह धनानी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, रवि सोलंकी, दुर्गाराम चौधरी, गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, जिला परिवहन अधिकारी जालोर ओमप्रकाश चौधरी सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक पुलिस कार्मिक, नर्सिंग स्टूडेंट एवं ऑटो रिक्शा ड्राईवर उपस्थित रहे।

## एनएसयूआई का धरना समाप्त

**जोधपुर**,(कासं)। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय में कथित अव्यवस्थाओं और छात्रों की अनदेखी के खिलाफ एनएसयूआई का अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को कुलगुरु से हुई वार्ता के बाद समाप्त कर दिया गया। एनएसयूआई के कार्यकर्ता 32 सूत्रीय मांगों को लेकर केंद्रीय कार्यालय के बाहर तीन दिन से धरना दे रहे थे।

दरअसल एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने गत बुधवार को केंद्रीय कार्यालय में प्रदर्शन किया था। कुलगुरु के नहीं आने से नाराज छात्रों ने रात में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता 32 सूत्री मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए था। यह धरना आज भी जारी रहा।

मांग पत्र में एमपीईटी करवाकर पीएचडी में प्रवेश देने, संकायों में नियमित कक्षाएं शुरू करना, छात्रावासों का निरीक्षण, खेल मैदान की सफाई, सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति, लड़कियों के हॉस्टल में वार्डन तैनाती आदि मांगें शामिल की गई। मांगों को लेकर जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के केंद्रीय कार्यालय पर छात्रों का तीन दिन से धरना चल रहा था।

इस दौरान कुलगुरु प्रो. पवन कुमार शर्मा ने धरना स्थल पर छात्रों से वार्ता कर धरने को समाप्त करवाया।

# जोधपुर डिस्कॉम ने जालोर वृत को प्रशंसा पत्र दिया



जालोर वृत को वित्तीय वर्ष 2025-26 में तकनीकी एवं वितरण हानियों को कम करने एवं बिलिंग लक्ष्य हासिल करने पर जोधपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक भंवरलाल ने प्रशंसा पत्र दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर वृत की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह नवम्बर 2025 तक तकनीकी एवं वितरण हानियों को 3.96 प्रतिशत तक कम करने एवं नवम्बर में 172.69 प्रतिशत का बिलिंग लक्ष्य हासिल करने फलस्वरूप जोधपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक भंवरलाल द्वारा उत्कृष्ट कार्य कीमान्यता के प्रतीक के रूप में प्रशंसा पत्र प्रदान किये गये है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तकनीकी एवं वितरण (टी.एण्ड डी.) घाटे पर नियंत्रण और राजस्व प्राप्ति में वृद्धि विद्युत वितरण कम्पनियों के लिए प्रमुख चुनौतियां है। जोधपुर डिस्कॉम का प्रबन्धन तकनीकी एवं वितरण (टी.एण्ड डी.) घाटे को कम करने के लिए लगातार प्रयासरत है एवं समय समय पर तकनीकी एवं वितरण घाटे में कमी एवं राजस्व प्राप्ति के लिए लक्ष्य निर्धारित करता रहता है।

# चिकित्सालय में सोनोग्राफी मशीन का उद्घाटन



उप जिला चिकित्सालय सुमेरपुर में एक सोनोग्राफी मशीन का उद्घाटन पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली/सुमेरपुर**, (नि.सं.)। उप जिला चिकित्सालय सुमेरपुर में शनिवार को एक सोनोग्राफी मशीन का उद्घाटन पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि सोनोग्राफी मशीन लगने के बाद गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। सोनोग्राफी की जांच गर्भवती महिलाओं व आमजन के साथ साथ वृद्धजनों के लिए भी निशुल्क रहेगी। मंत्री कुमावत ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओ के लिए मां वाउचर योजना प्रारम्भ की गई है। यह मां वाउचर योजना हमारी भजनलाल शर्मा की भाजपा सरकार द्वारा अप्रैल 2024 में शुरू की गई है। यह प्रदेशके लिए बेहद महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना है।

योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को मुफ्त अल्ट्रासाउंड (सोनोग्राफी) करवाने के लिए वाउचर दिए जाते हैं ताकि वे गर्भावस्था के दौरान आवश्यक जांच करवा कर स्वस्थ शिशु को जन्म दे सकें।

सुमेरपुर के सरकारी हॉस्पिटल में यह सोनोग्राफी मशीन प्रारम्भ होने से आमजन को सुविधा मिलेगी और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सोच सभी के उत्तम स्वास्थ्य की परिकल्पना को साकार करने मे नींव का पत्थर साबित होगा उप जिला हॉस्पिटल में लगभग 20 लाख रुपये की लागत से यह मशीन स्थापित की गई है ।

इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता करण सिंह नेतरा , जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह परमार , दिनेश सिंह राजपुरोहित, दीपक भाटी, मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल, इंद्र सिंह जाखोड़ा, शंकरसिह काकू, रुपाराम देवासी, लक्ष्मण सिंह, गोवर्धन सिंह, पन्नालाल, जगत सिंह सांडेराव , दिनेश मीणा, छगन सेन, परबत सिंह, सुरेश राजपुरोहित, उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी महिपाल सिंह, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गोविद चुण्डावत, सोनोठाफी प्रभारी अधिकारी डॉ अश्विनी मौर्या, डॉ कुलदीप सिंह, डॉ ताराचंद, डॉ प्रतीक ढाका, डॉक्टर गौतम कुमार, डॉ अमित शर्मा, डॉ शकील मोहम्मद, डॉ मनीष, भरत सोलंकी, ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद गिरी, वरिष्ठ नर्सिंग अधीक्षक दिनेश कुमार, नरपत सिंह, भवर लाल, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी मरुधर सिंह, प्रदीप सिंह, अशोक माली, महेन्द्र कुमार, चेतन जैन उपस्थित रहे।

## 'रजिस्ट्री से पहले देना होगा बिजली बिल का नो ड्यूज सर्टिफिकेट'

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जोधपुर डिस्कॉम) ने बिजली बिलों की वसूली और अदालती मुकदमों से बचने के लिए एक बड़ी पहल की है। अब अचल संपत्ति (मकान, दुकान, जमीन) को बेचते या खरीदते समय बिजली विभाग से शून्य देयता प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य किया जा सकता है।


इस संबंध में जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक डॉ. भंवरलाल ने जोधपुर, पाली, सिरोही, फलोदी, बालोतरा, बाड़मेर, जैसलमेर, गंगानगर, बीकानेर, हनुमानगढ़ और चूरू सहित सभी संबंधित जिला कलेक्टरों को पत्र लिखा है।

एमडी डॉ. भंवरलाल ने बताया कि गत 14 नवंबर को हुई समीक्षा बैठक में अधीक्षण अभियंताओं ने एक गंभीर समस्या उठाई थी। अक्सर देखा गया है कि उपभोक्ता बिजली के भारी-भरकम बकाया बिल चुकाए बिना ही अपनी संपत्ति बेच देते हैं। जब विभाग नए खरीदार से बकाया राशि मांगता है, तो वे संपत्ति खरीद का हवाला देकर भुगतान करने से मना कर देते हैं।

पत्र में बताया गया है कि ऐसे मामलों में जब विभाग बिल वसूली के लिए दबाव बनाता है, तो खरीदार कोर्ट की शरण ले लेते हैं। अधिकांश मामलों में न्यायालय नए खरीदार को पुराने बकाया से राहत दे देता है।

इससे न केवल विभाग पर मुकदमों का बोझ बढ़ता है, बल्कि बकाया राशि वसूलना भी नामुमकिन हो जाता है। डिस्कॉम एमडी ने जिला कलेक्टरों से आठाह किया है कि वे अपने अधीन आने वाले पंजीयन कार्यालयों (रजिस्ट्री ऑफिस) को निर्देश दें। इसके तहत, किसी भी संपत्ति के बेचान का रजिस्ट्रेशन करते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि विक्रेता ने उस संपत्ति पर बिजली विभाग का पूरा बकाया चुका दिया है और एनओसी संलग्न की है।

# कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली महारैली के लिए रवाना



जालोर से कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली महारैली में भाग लेने के लिए रवाना हुए। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर 14 दिसंबर 2025 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली वोट चोर गद्दी छोड महारैली में भाग लेने के लिए जालोर जिले से महिला कांग्रेस की सशक्त भागीदारी देखने को मिल रही है। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष कंवर के नेतृत्व में जिले की महिला कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली के लिए रवाना हुई हैं। आहोर विधानसभा क्षेत्र से महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गाडियों को महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष कंवर ने शनिवार शाम 5 बजे हरी झंडी दिखाकर दिल्ली के लिए रवाना किया।

महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष कंवर के अनुसार जिले भर से सैकडों महिला कांग्रेसजन महारैली में भाग ले रही हैं, जिनमें आहोर विधानसभा क्षेत्र से लगभग 80 महिला कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हैं। ये सभी कार्यकर्ता संगठित रूप से गाडियों के माध्यम से दिल्ली के लिए रवाना हुई हैं। उन्होंने कहा कि यह महारैली लोकतंत्र की रक्षा एवं जनहित से जुडे मुद्दों को लेकर आयोजित की जा रही है। इसमें महिला कांग्रेस की सक्रिय भागीदारी संगङ्गन की एकजुटता, जागरूकता और मजबूती को दर्शाती है।

वही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा कल 14 दिसम्बर को दिल्ली मेंआयोजित होने वाली वोट चोर गद्दी छोड महारैली के लिए जालोर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजन की बस को शनिवार दोपहर 4.00 बजे जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कांग्रेस प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि जालोर विधानसभा क्षेत्र के जालोर एवम सायला ब्लॉक के प्रमुख कांग्रेसजन दिल्ली में आयोजित होने वाली महारेली में भाग लेने हेतु बस ,रेल एवम निजी वाहनों द्वारा रवाना हुए। जिले भर से महारेली में लगभग पांच सौ कांग्रेसजन दिल्ली हेतु रवाना हुए हैं। साथ ही जालोर विधानसभा क्षेत्र से 150 कांग्रेस जन बस,रेल एवम अपने निजी वाहनो द्वारा दिल्ली पहुचेंगे।

महारैली में भाग लेने के लिए जालोर ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, सायला ब्लॉक अध्यक्ष सवाई सिंह चंपावत, जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, एस सी विभाग जिलाध्यक्ष खसाराम मेघवाल,मांगीलाल भील, देवाराम सांखला,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष किशनाराम चौधरी, यूका पूर्व विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मीकांत दवे,जेताराम मेघवाल सहित सैकडो कांग्रेसजन दिल्ली रवाना हुए।

वही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड महारैली में आहोर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी के नेतृत्व में कई जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता निजी वाहन,बस व ट्रेन द्वारा भाग लेंगे।

पूर्व जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, पूर्व प्रत्याशी सवाराम पटेल, पीसीसी महासचिव उमसिंह चांदराई, जिला उपाध्यक्ष आमसिंह परिहार, संगठन महासचिव विरेन्द्र जोशी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बस्तीमल चौहान सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता भाग लेंगे।

## प्रतिबंधित टेबलेट का चूर्ण बनाते आरोपी पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट पुलिस इन दिनों मादक पदार्थ तस्करों की धरपकड़ में लगी है। नाकाबंदी और गश्त में संदिग्ध लोगों की धरपकड़ कर मादक पदार्थ बरामद किए जा रहे है। साथ ही मुखबिरी सूचना पर मकानों पर भी रेड दी जा रही है।

माता का थान पुलिस ने जोधपुर केंट के सामने एचपी गोदाम के पास में एक मकान पर रेड देकर अवैध डोडा पोस्त के साथ प्रतिबंधित टेबलेट का चूर्ण बरामद किया है। पुलिस ने दबिश दी तब आरोपी टेबलेट को पीसकर उनका चूर्ण बना रहा था। उसे एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किए जाने के साथ अग्रिम पड़ताल जारी है। वह टेबलेट कब और कहां से लाया इसका पता लगाया जा रहा है।

थानाधिकारी शफीम मोहम्मद ने बताया कि मुखबिरी सूचना मिली कि जोधपुर केंट के सामने एचपी गोदाम के पास में रहने वाला थानाराम पुत्र भंवराराम विश्रोई मादक पदार्थ तस्करी का काम करता है। इस पर सूचना पर पुलिस टीम के साथ उसके मकान पर रेड दी गई। पुलिस ने वहां से 2 किलो 267 ठााम अवैध डोडा पोस्त के साथ 444 प्रतिबंधित टेबलेट को जब्त किया। हालांकि इसमें पांच छह पत्तों को खोलकर पीस कर चूर्ण बना रहा था। उसे गिरफ्तार लिया गया है। वह मूल रूप से कुड़ खोखरिया का रहने वाला है। जांच डांगियावास थानाधिकारी दौलाराम की तरफ से की जा रही है।

## मारपीट कर सोने की चेन छीनी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के निकट बोरानाडा स्थित बासनी सिलावटा गांव में एक युवक से मारपीट कर उसकी सोने की चेन छीन ली गई। नामजद युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दी गई। मारपीट का कारण पता नहीं चला है। बोरानाडा पुलिस ने बताया कि बासनी सिलावटा निवासी श्यामलाल पुत्र भंवरलाल घांची ने रिपोर्ट दी।

## सेना का ट्रक पलटने से 5 अग्निवीर घायल

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर में सेना का ट्रक पलटने से 5 अग्निवीर घायल हो गए। हादसा शुक्रवार शाम करीब 4 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, सेना का ट्रक शहर से आर्मी कैंट की ओर जा रहा था, तभी रेवंतसिंह की ढाणी के पास अचानक एक गाय सामने आ गई। गाय को बचाने के प्रयास में ट्रक बेकाबू हो गया और सड़क पर पलट गया।

सभी घायलों को जवाहिर हॉस्पिटल लाया गया जहां उनका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे के कारणों की पड़ताल शुरू की। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार पांच अग्निवीर जवान घायल हो गए। घायल अग्निवीरों के नाम रोबिन, उदय, अरुण, प्रमोद और मांझी बताए जा रहे हैं।

हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राह चलते स्थानीय लोगों ने बिना देर किए बचाव कार्य शुरू किया और घायल जवानों को ट्रक से बाहर निकाला। लोगों की मदद से सभी घायल जवानों को तुरंत जैसलमेर के जवाहिर हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हॉस्पिटल सूत्रों के अनुसार सभी घायलों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। कोतवाली थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने ट्रक को हटाने और यातायात को सामान्य करने की कार्रवाई की।

# प्रभारी मंत्री खर्रा ने स्काउट गाइड को गणवेश बांटे

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय पाली के तत्वावधान में आयोजित राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड जाँच शिविर, निपुण रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर एवं अनुसूचित जाति-जनजाति स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 से 14 दिसंबर 2025 तक जिला प्रशिक्षण केंद्र बजरंग बाड़ी पाली में आयोजित किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर के तृतीय दिवस आज अनुसूचित जाति-जनजाति स्काउट गाइड को प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने शिविर में सहभागिता कर रहे 130 स्काउट गाइड को गणवेश वितरीत की गई। सी ओ स्काउट गोविन्द मीना ने बताया कि प्रभारी मंत्री ने स्काउट गाइड को आमजन को सड़क सुरक्षा जागरूकता के प्रचार प्रसार करने ओर ट्रेफिक नियमों का पालन करने का आहवान किया।

प्रभारी मंत्री ने राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त करने वाले रोवर विशाल का सम्मान किया एवं 19वी राष्ट्रीय स्काउट जंबूरी में राजस्थान प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जिले के चंद्राज पब्लिक स्कूल सोजत रोड के स्काउट बैंड द्वारा उत्कर्ष प्रदर्शन करने पर प्रधानाचार्य आलोक शर्मा का सम्मान किया गया।

जिला अध्यक्ष स्काउट गाइड पाली महेंद्र बोहरा, जिला कलेक्टर पाली लक्ष्मी नारायण मंत्री, पुलिस अधीक्षक पाली आदर्श संधू, अतिरिक्त जिला कलेक्टर बजरंग सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विपिन शर्मा, आयुक्त नगर निगम पाली नवीन भारद्वाज, समाजसेवी तिलोक चौधरी, सी ओ गाइड डिंपल दवे, आरटीओ पाली ओ पी बैरवा, जिला परिवहन अधिकारी पाली विजय सिंह मीणा, ओर अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यकम का संचालन प्रधानाचार्य हितेश रामावत ने किया। शिविर में पुरुषोत्तम पुरी गोस्वामी, मोहन सिंह, दौलत सिंह, जयपाल सिंह, उर्मिला यति, रमेश सोलंकी, कैलाश कुमार , भगवान सिंह आदि द्वारा सेवाएं दी जा रही हैं।

### शिविर स्थल को बनाया पॉलीथिन मुक्त

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय पाली के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय शिविर में 236 स्काउट गाइड सहभागिता कर रहे हैं।

सी ओ स्काउट गोविन्द मीना ने बताया कि जिला प्रशिक्षण केंद्र बजरंग बाड़ी पाली में आयोजित पांच दिवसीय अनुसूचित जाति जनजाति स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर में 130 स्काउट गाइड, निपुण रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर में 53 रोवर रेंजर एवं चार दिवसीय राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड जहां शिविर में 53 संभागी ने भाग लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सी ओ गाइड डिंपल दवे ने बताया कि राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यकम के तहत शिविर के चौथे दिन आज स्काउट गाइड ने जिला प्रशिक्षण केंद्र बजरंग बाड़ी पाली में स्वच्छता अभियान के तहत संपूर्ण प्रशिक्षण केंद्र की सफाई की कचरे का निस्तारण किया।

प्रशिक्षण केंद्र को पॉलिथीन फ्री बनाने के लिए अभियान के माध्यम से सेवा कार्य किया, स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने प्रशिक्षण केंद्र की ईको वाटिका में लगे हुए पेड़ पौधों की सार संभाल कर कचरे का निस्तारण करते हुए फूल पत्तियों को तोड़कर किचन गार्डन के लिए खाद बनाने की प्रक्रिया का संपादन भी किया।

जिला स्तरीय शिविर में आज रोवर रेंजर ने रोड सेफ्टी अभियान के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया कल विजेताओं का सम्मान भी किया जाएगा।

शिविर में शिविर में पुरुषोत्तम पुरी गोस्वामी, मोहन सिंह, दौलत सिंह, जयपाल सिंह, उर्मिला यति, रमेश सोलंकी, कैलाश कुमार , भगवान सिंह आदि द्वारा सेवाएं दी जा रही हैं।

# 18वीं बार अध्यक्ष बने रणजीत जोशी

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन और राजस्थान हाईकोर्ट लॉयर्स एसोसिएशन के चुनाव के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन के चुनाव में रणजीत जोशी रिकॉर्ड 18 वीं बार अध्यक्ष चुने गए। वहीं राजस्थान हाईकोर्ट लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप सिंह उदावत निर्वाचित हुए। राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन के चुनाव की मतगणना आधी रात तक चलती रही।

राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन जोधपुर की कार्यकारिणी के वर्ष 2025-27 के अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबले में रणजीत जोशी ने सुरेन्द्र सिंह राठौड़ को 158 मतों से पराजित किया। रणजीत जोशी को 1527 वोट, सुरेन्द्र सिंह राठौड़ को 1369 और धनराज वैष्णव को 324 वोट मिले हैं। उपाध्यक्ष पद पर बुधाराम चौधरी ने कड़े मुकाबले में मांगीलाल को 24 वोट से हराया। बुधाराम चौधरी को 767 वोट, मांगीलाल को 743 वोट, गजेन्द्रसिंह तंवर को 438, मनोज सिंह 316, पुखराज गोदारा को 275, कृपाराम सोलंकी को 251 वोट, शैतानराम चौधरी 237 वोट और लक्ष्मीनारायण को 160 वोट मिले हैं। उपाध्यक्ष पद पर कडी टक्कर की वजह से दुबारा मतगणना करवाई गई। वहीं महासचिव पद पर विजय चौधरी ने कल्याण सिंह विश्नोई को 215 वोटो से हराया। विजय चौधरी को 1131 वोट, कल्याण सिंह विश्नोई को 916 वोट, विक्रम सिंह राठौड़ को 656 वोट, अनिल सुराणा को 352 वोट और एम डी कल्ला 143 वोट मिले। सह सचिव पद पर तक्षेन्द्र शर्मा ने 172 वोटो से दीपाराम को हराया। सह सचिव पद पर तक्षेन्द्र शर्मा को 771 वोट, दीपाराम को 599 वोट, नीतू गुडिय़ा को 584 वोट, संदीप सिंह को 435 वोट, भारतेन्दु को 364 वोट, पुखराज को 202 वोट, शीतल शर्मा 173 वोट और लालसिंह को 50 वोट मिले हैं। पुस्तकालय सचिव पद पर शिवानी वैष्णव ने शारदा विश्नोई को 174 वोटों से हराया। शिवानी वैष्णव को 1107 वोट, शारदा विश्नोई को 933 वोट, कीर्ति सोनी को 803 वोट और अरायना खानम को 351 वोट मिले वही 39 वोट खारिज हुए है। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर विजय शर्मा ने हरीचरण प्रजापत 383 वोट से हराकर कोषाध्यक्ष चुने गए। विजय शर्मा को मिले 866 वोट, हरीचरण प्रजापत को 483 वोट, मोहनलाल गोदारा को 472 वोट, रामनिवास सांखला को 414 वोट, गोपालसिंह चारण को 342 वोट, सोनिका शर्मा को 306 वोट, मुरली सैन को 184 वोट और प्रदीप जैन को 122 वोट मिले। वहीं, 44 वोट खारिज हुए हैं। कुल मतदाता 3836 में से 3178 मतदाताओं ने मतदान किया।

जोधपुर के अधिवक्ता संघों के चुनाव के परिणाम गुरुवार आधी रात बाद जारी हुए। देर रात तक मुख्य पदों की गिनती के दौरान हाइकोर्ट के नए और पुराने परिसर में वकीलों का भारी जमावड़ा रहा। अध्यक्ष पद से पहले अन्य पद और कार्यसमिति सदस्यों के निर्वाचन के परिणाम जारी होते रहे। रात करीब दो बजे अध्यक्ष पद के परिणाम जारी हुए। परिणाम घोषित होने के साथ विजय रहे प्रत्याशियों के समर्थकों ने जमकर नारेबाजी करते हुए ढोल थाली के साथ स्वागत एवं आतिशबाजी कर खुशिया मनाई। अल सुबह चार बजे तक सभी पदों के परिणाम घोषित होने के बाद चुनाव अधिकारी से सभी विजय पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र भी दिया। जोशी समर्थकों ने नारेबाजी करते हुए जमकर डीजे की धुनों पर डांस करते हुए विजय जुलूस निकाला।

चुनाव अधिकारी मोतीसिंह राजपुरोहित ने बताया कि लॉयर्स एसोसिएशन में दिलीप सिंह उदावत अध्यक्ष के रूप में जीत दर्ज की। दिलीप सिंह उदावत को 552, दिग्विजय सिंह जसोल को 477, मनीष व्यास को 441 और विनोद चौधरी को 327 मत मिले। उदावत 75 मत से जीते। अध्यक्ष सहित छह पदों के लिए 2141 अधिवक्ता मतदाताओं में से 1813 ने मतदान किया। उपाध्यक्ष पद पर शीतल कुम्मट को 1067 और रविन्द्रसिंह चंपावत को 667, महासचिव पद पर अरुण कुमार को 963, नवनीत सिंह विर्स को 463 व कैलाश जांगिड़ को 342, सह सचिव पद पर मिलाप चौपड़ा 921, केशव भाटी 737 और अशोक गोदारा 112, कोषाध्यक्ष पद पर रघुवीरसिंह भाटी 795, रविन्द्र पुरोहित 523 और दुर्गेश खत्री 416 और पुस्तकालय सचिव पद पर कोमल आर. वर्मा 703, शैलेन्द्र कुमार 635 व विकास के विश्नोई को 420 वोट मिले।

## सार-समाचार

### हादसों में चार जनों की मौत

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट के अलग अलग थाना क्षेत्रों में चार लोगों की मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शव परिजन को सुपुर्द किए। बनाड़ पुलिस ने बताया कि नांदड़ी स्थित लक्ष्मण नगर सी में रहने वाले 70 साल के सत्यनारायण सोनी पुत्र चुन्नीलाल सोनी घर की छत पर कमरें में रहते थे। वह 12 दिसम्बर को कमरें में आग से झुलस गए थे। बाद में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, मगर अब उनकी मौत हो गई। उनके पुत्र हेमंत की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। दूसरी तरफ राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि मूलत: उत्तरप्रदेश के फतेहपुर हाल सालोड़ी में रहने वाले संगीत पुत्र मेडिलाल खटिक ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका भाई 25 वर्षीय प्रदीप यहां सालोड़ी में एक भवन पर मार्बल घिसाई का काम कर रहा था। तब मार्बल मशीन से उसे करंट लग गया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, मगर उपचार के बीच उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस बारे में मर्ग की कार्रवाई की। इधर लूणी पुलिस के अनुसार करनीयाली निवासी नरपत पुत्र छोगाराम मेघवाल ने मर्ग दर्ज कराया कि उसका भाई 28 वर्षीय सुरेश सतलाना गांव में रेलवे ट्रेक पर ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया। जबकि विवेक विहार पुलिस ने बताया कि कंडुबानाडा झंवर निवासी परसाराम पुत्र भैराराम मेघवाल ने मर्ग में रिपोर्ट दी कि उसका भाई 35 वर्षीय प्रकाश भोमियाजी कॉलोनी के पास सांगरिया रेलवे ट्रेक पर ट्रेन की चपेट में आ गया और उसक ी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कार्रवाई के उपरांत परिजन के सुपुर्द किया।

### पाली से कांग्रेसजन दिल्ली रवाना

**पाली,** (नि.सं.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे व नेता विपक्ष राहूल गांधी के निर्देशानुसार एवं राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के आहवान पर 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली "वोट चोर गद्दी छोड़" और को लेकर कांग्रेसजनों में उत्साह है। यह जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता रफीक चौहान ने बताया कि जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह निम्बाड़ा के नेततृत्व में कहा कि महारैली में पाली से सैकड़ों कांग्रेसजन कूच कर रहे हैं। शाम को पाली जिले के पाली, रोहट, पाली देहात, सुमेरपुर, देसूरी, रानी, मारवाड़ जंक्शन, बाली, सोजत सहित हर ब्लॉक से कार्यकर्ता बसों और निजी वाहनों द्वारा सैकड़ो की तादाद में कांग्रेसजन दिल्ली रवाना हुए। बस को विधायक भीमराज भाटी , पाली जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष शिशुपालसिंह निम्बाडा, पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड़, पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हकीम भाई ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मेहबूब भाई टी, महावीर कटारिया, ताराचन्द चन्दनानी, अजीज लीडर, एडवोकेट असलम चितारा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जावेद सिरोहा, रफीक चौहान, असगर कुरैशी, पुष्प सोनी, हारून मलिक, शहाबुद्दीन बागवान, ईकबाल भाई शेख, मांगूसिंह दुदावत, अनिल भाटी, चन्द्रपाल सिंह पुनायता,लाल मोहम्मद सिंधी, सलीम रंगरेज , मांगीलाल सोलंकी सहित कई जने मौजूद थे।

### नाड़ी परीक्षण कोर्स का ब्रोशर जारी

**जोधपुर,** (कासं)। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर में कुलगुरु प्रोफेसर (वैद्य) गोविंद सहाय शुक्ल ने सेमी-ऑनलाइन नाड़ी परीक्षण सर्टिफिकेट कोर्स के ब्रोशर का विधिवत विमोचन किया। यह सर्टिफिकेट कोर्स विश्वविद्यालय के पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ़ आयुर्वेद के अंतर्गत संचालित स्नातकोत्तर क्रिया शारीर विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कोर्स का संचालन 15 जनवरी 2026 से 14 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। इस कोर्स हेतु ऑनलाइन आवेदन/पंजीकरण 15 दिसंबर 2025 से 10 जनवरी 2026 तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर चंदन सिंह, आयुर्वेद संकाय अधिष्ठाता प्रोफेसर महेंद्र कुमार शर्मा, चिकित्सालय अधीक्षक प्रोफेसर गोविंद प्रसाद गुप्ता, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजाराम अठावाल, डीन रिसर्च प्रोफेसर देवेंद्र चाहर, लाइब्रेरी निदेशक डॉ राकेश शर्मा, डॉ मनीषा गोयल,उप-कुलसचिव डॉ. मनोज अदलखा, कोर्स कोऑर्डिनेटर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पूजा पारिक, डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. मनीष यादव सहित विश्वविद्यालय के अनेक वरिष्ठ संकाय सदस्य एवं स्नातकोत्तर अध्येता उपस्थित रहे। स्नातकोत्तर क्रिया शारीर विभाग के विभागाध्यक्ष एवं कोर्स नोडल अधिकारी प्रोफेसर दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 30 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा।

### सिरोही को जानो प्रतियोगिता हुई

**रेवदर,** (निसं)। समीपवर्ती गाँव देरोल स्थित स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय में शनिवारीय नो बैग डे के अन्तर्गत सिरोही को जानो पर हाउस एक्टिविटी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रत्येक हाउस के द्वारा सिरोही जिले की प्रमुख विशेषताओं के तहत कला संस्कृति, इतिहास, भौगोलिक परिदृश्य, प्रमुख मंदिर, स्थापत्य कला, प्रमुख पर्यटन स्थल, स्थानीय वेशभूषा, नृत्य, स्थानीय बोली, सिरोही का प्रशासनिक स्वरूप राजनैतिक परिदृश्य, स्थानीय स्वशासन, सिरोही का प्रजा मण्डल आन्दोलन, सिरोही का एकीकरण इत्यादि विशेषताओं पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही प्रत्येक हाउस ने स्थानीय वेशभूषा के साथ विद्यालय में उपस्थित होकर कार्यक्रम में भाग लिया एंव सिरोही को जानो गतिविधि पर अन्तरसदन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे प्रथम स्थान विवेकानन्द हाउस, द्वितीय स्थान नरेन्द्र हाउस, तृतीय स्थान वेदान्त हाउस ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अन्त में प्रत्येक हाउस के हाउस मास्टर व सहायक हाउस मास्टर ने अपने उद्बोधन के माध्यम से सिरोही जिले की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान कर विद्यार्थियों को लाभान्वित किया। इस कार्यक्रम में सभी हाउस के विद्यार्थियों सहित स्टाफ उपस्थित रहे।

### परशुराम महादेव यात्रा का पोस्टर जारी

**जोधपुर,** (कासं)। जोधाणा धर्मार्थ सेवा संस्थान की तरफ से हर साल शीत ऋतु में निकाली जाने वाली चार दिवसीय परशुराम महादेव पैदल यात्रा के पोस्टर का आज विमोचन किया गया। शीतकालीन यात्रा की रवानगी 24 दिसम्बर को होगी। इस यात्रा को लेकर युवाओं में भारी उत्साह छाया हुआ है। प्रवक्ता जयसिंह कच्छवाहा ने बताया कि 24दिसंबर, रविवार दोपहर 3:00 बजे बनावतां का बेरा, शिव मंदिर से पूजा अर्चना के बाद अध्यक्ष शंकरलाल कच्छावाहा सचिव प्रमोद कुमार सांखला तथा मेला अधिकारी शिव सिंह कच्छावाहा द्वारा हरि झंडी दिखाकर दिखाकर यात्रा को रवाना किया जाएगा। इसका पहला पड़ाव रोहिट में रहेगा। सोमवार को दूसरा गुंदोज, तीसरा मंगलवार को रानी तथा चौथा तथा अंतिम पड़ाव बुधवार को परशुराम महादेव पर रहेगा। इसमें युवा ठुप के सदस्य भाग बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं।

### बालोतरा में आज स्वच्छता कार्यक्रम

**बालोतरा,** (निसं)। राजस्थान सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन बालोतरा द्वारा 14 दिसंबर, रविवार को एक विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों की सफाई और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढाना है। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीराराम कलबी ने बताया कि बालोतरा जिला मुख्यालय पर स्वच्छता कार्यक्रम नया बस स्टैंड परिसर' में प्रात: 10 बजे आयोजित किया जायेंगा। इस कार्यक्रम में विधायकगण, जनप्रतिनिधिगण एवं आमजन की उपस्थिति रहेंगी। अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और बालोतरा को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें।

### पी.एम. जोशी चौथी बार अध्यक्ष बने

**पाली,** (नि.सं.)। पाली बार एसोसिएशन के चुनाव में वरिष्ठ एडवोकेट पी ऍम जोशी चौथी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी की धीरेंद्र सिंह राजपुरोहित को हराया। उपाध्यक्ष जबर सिंह हाथलाई, सचिव मुकुल सोनी, सहसचिव आशीष अरोड़ा, कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह भे साणा, युवा प्रतिनिधि सद्दाम काजी चुने गए। इसी प्रकार सदस्य भवानी सिंह, जनक शर्मा, सुरेश राज पुरोहित आदि चुने गए। चुनाव अधिकारी गजेंद्र सिंह मेड़तिया ने बताया कि आज सुबह 9 से 2 बजे तक चुनाव हुए। इसके बाद मतों की गिनती हुई।

### निगम ने चलाया बुलडोजर

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के पाल रोड पर शुक्रवार सुबह नगर निगम ने पुलिस जाब्ते की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। बड़ी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। यहां लोगों ने झुग्गी- झोपडिय़ां बना रखी थी। एक झोपड़ी वाले कार्रवाई से परेशान होकर आग लगा दी। हालांकि अतिक्रमण हटाने के समय को विरोध इत्यादि दस्ते का नहीं झेलना पड़ा। नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता जेसीबी और बुलडोजर लेकर पाल रोड पर पहुंचा।

# नाकोड़ा तीर्थ पर पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव शुरू

**बालोतरा,** (निसं)। परमात्मा पार्श्वनाथ के 2933वें जन्म-कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री नाकोड़ा तीर्थ में तीन दिवसीय भव्य मेले का 13 दिसंबर 2025 को पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ शुभारंभ हुआ। मेले के पहले दिन ही लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। परम्परानुसार पुरूषादानी भगवान श्री पार्श्वनाथ के दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रही।

तीर्थंकर भगवान श्री पार्श्वनाथ के जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह मेला इस वर्ष 13, 14 और 15 दिसंबर तक चलेगा। आज सुबह से ही तीर्थ परिसर में गुरु भगवंतों और साध्वीजी भगवंतों की पावन निश्रा में आस्था का सैलाब दिखाई दिया। दिनभर श्रद्धालुओं का ताँता लगा रहा और वे श्रद्धापूर्वक कतारों में खडे होकर प्रभु के दर्शन और पूजा-अर्चना करते रहे।

सांयकाल होते ही श्री नाकोडा तीर्थ का पूरा परिसर अद्भुत रूप से जगमगा उठा। रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट ने तीर्थ के वातावरण को और भी अधिक मनमोहक बना दिया। इस भव्य सजावट और प्रकाश व्यवस्था को देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कई भक्तों ने इस अनुपम दृश्य को अपने कैमरों में कैद किया।

जन्म कल्याणक महोत्सव पर आज रात्रि को भव्य भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक लवेश बुरड, हिमांशु बुरड एवं जागृति वडेरा ने अपने मधुर भक्ति गीतों से प्रभु की महिमा का गुणगान किया। इन कलाकारों की स्वर लहरियों पर झूमकर श्रद्धालुओं ने प्रभु भक्ति का आनंद लिया।

सम्पूर्ण मेले के लाभार्थी संघवी पानीदेवी मोहनलाल मुथा परिवार, मांडवला हाल चैन्नई हैं। लाभार्थी परिवार के सदस्यों का स्वागत आज सुबह तीर्थ ट्रस्ट मण्डल के सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री नाकोड़ा तीर्थ ट्रस्ट मण्डल के पदाधिकारी एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

इस मौके पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष रमेश कुमार मुथा, उपाध्यक्ष लुणकरण बोथरा, कोषाध्यक्ष जितेन्दकुमार चौपडा, ट्रस्टीगण भरतकुमार मेहता, गौतमचन्द बालड, गौतमचन्द सिंघवी, कैलाश मेहता, कमलेश बालड, मांगीलाल संखलेचा, जगदीश छाजेड, वगतावरमल पारेख, गणपतलाल बुरड, पुरूषोतमदास सेङ्गिया, प्रकाशचन्द वडेरा, महेन्दकुमार बागरेचा, हुलास बाफणा, सुरेश शाह, एवं कांतिलाल शाह तीर्थ अध्यक्ष ने बताया कि अगले दो दिनों तक भी विविध धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।



परमात्मा पार्श्वनाथ के 2933 वें जन्म-कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री नाकोड़ तीर्थ में तीन दिवसीय भव्य मेले को शुभारंभ हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

# जवाई नदी पुनर्भरण की मांग, किसानों ने प्रतिनिधि मंडल ने नारे लगाने लगाए

**जालोर,** (कासं)। भारतीय किसान संघ जालोर जवाई नदी पुनर्भरण को लेकर तथा जवाई बांध का पानी अन्यंत्र जाने से रोकने को लेकर प्रभारी मंत्री के .के .विश्नोई के जालोर आगमन की सूचना पर कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी की। इसके बाद प्रतिनिधि मंडल को वार्ता के लिए कलैक्ट्रेट सभागार में बुलाया। लेकिन कलेक्ट्रेट सभागार में मौजूद पत्रकारो को देखकर धबराये प्रभारी मंत्री ने वार्ता उनके समक्ष नही कर किसानो को बंद कमरे में वार्ता करने की बात कही। जिसके बाद किसान प्रतिनिधि मंडल ने वार्ता सबके सामने करने की जिद करने पर प्रभारी मंत्री ने किसानो का ज्ञापन लेकर सात दिन का आश्वासन देकर चलते बने।

जालोर में सरकार के दो साल पूर्ण होने के उपलक्ष में प्रभारी मंत्री के .के . विश्नोई ने लोककल्याणकारी योजना के वाहन को रवाना करने के साथ यातायात नियमो का पालने करने की शपथ दिलाई। लेकिन वे स्वयं शपथ से पहले व बाद अपनी गाडी में बिना सीट बेल्ट के कलैक्ट्रैट पहुंचकर यातायात नियमो की धज्जिया उडते नजर आये। वही इसके बाद उन्होने कलेक्ट्रेट में प्रेस वार्ता की। वही इस दरम्यिान भारतीय किसान संघ के किसान जवाई पुनर्भरण व जवाई बांध का पानी जोधपुर ले जाने से रोकने की मांग को लेकर प्रभारी मंत्री से मिलने का समय मांगा। वही किसानो ने कलेक्ट्रेट गेट के समक्ष ही जमकर नारेबाजी की। प्रेस वार्ता के बाद किसानो के प्रतिनिधि मंडल को कलेक्ट्रेट सभागार में वार्ता के लिए बुलाया। ऐसे में सभी किसान कलेक्ट्रेट सभागार पहुंच गये। वही किसानो को पत्रकारो के सामने देखकर मंत्री धबरा गये तथा किसानो को बंद कमरे में वार्ता के लिए आमंत्रित किया। लेकिन पत्रकारो ने भी किसानो से वार्ता मीडिया के समक्ष ही करने की बात कर डाली । ऐसे में प्रभारी मंत्री के पास कोई विकल्प नही होने तथा किसानो की मांगो का जवाब नही होने पर अलग से वार्ता का इंतजार कर पुन कलैक्ट्रेट सभागार में आकर किसानो से ज्ञापन लिया तथा सात दिन में उनकी मांगो को पूर्ण करने का आश्वासन देकर चले गये।

# राज्य सरकार प्रत्येक वर्ग का कल्याण के लिए कृत संकल्पित : के. के. विश्नोई

**जालोर,** (कासं)। राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री के. के.विश्नोई ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता की।

प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई ने बताया कि राज्य सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए .त संकल्पित है और सरकार की प्रत्येक घोषणा, निर्णय एवं योजनाएँ हर वर्ग की उन्नति पर आधारित है। राज्य सरकार के दो वर्ष सुशासन, विकास और विश्वास के दो वर्ष हैं। राजस्थान 11 राष्ट्रीय योजनाओं में प्रथम स्थान पर है। 5 योजनाओं में द्वितीय स्थान पर है, वहीं 9 योजनाओं में तृतीय स्थान पर है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के लिए जन स्वास्थ्य केवल एक नीति नहीं बल्कि एक संकल्प है। उन्होंने बताया कि राज्य में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का दायरा बढ़ाते हुए 132 नए पैकेज जोड़े गये हैं और अब तक 35 लाख से अधिक लाभार्थियों को 6 हजार 860 करोड़ रूपये की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। मां वाउचर योजना के तहत 2 लाख 26 हजार सोनोग्राफी की गई है। सरकार ने राजस्थान को हरा भरा बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान और मिशन हरियालो राजस्थान के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत गत 2 वर्ष में 20 करोड़ पौधे लगाए गए हैं। राज्य सरकार द्वारा 2 साल में ही 1 हजार 640 गांवों को सड़कों से जोडा जा चुका है। सरकार ने पिछले 2 साल में प्रदेश के बिजली उत्पादन क्षमता में 6 हजार 363 मेगावॉट क्षमता की वृद्धि की है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में राइजिंग राजस्थान के तहत 35 लाख करोड़ के एमओयू सम्पन्न हुए हैं जिनमें से 9 लाख करोड रूपये के कार्य धरातल पर आ चुके हैं। ग्रामीण सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 8557 किलोमीटर मिसिंग लिंक सड़कों का निर्माण किया गया वही गरीब कल्याण के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों व बीपीएल परिवारों के लाभार्थियों को 450 रूपये में रसोई गैस मिल रहा है। युवाओं को 90 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियाँ दी गई तथा 1 लाख 53 हजार पदों पर भर्तियाँ प्रक्रियाधीन है।

मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में 9 लाख पशुपालकों के 20 लाख पशुओं का बीमा किया गया तथा 1962 मोबाईल वेटेनरी की नि:शुल्क उपचार सेवाएँ घर बैठे पशुपालकों को उपलब्ध करवाई जा रही है।

प्रेसवार्ता के दौरान राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, महेन्द्र मेघवाल, जसराज राजपुरोहित, पूर्व मंत्री भूपेन्द्र देवासी, दानाराम चौधरी, दीपसिंह धनानी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा एवं मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

# विकास रथ रवाना, सड़क सुरक्षा अभियान शुरू

**जोधपुर,** (कासं)। राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को कलक्ट्रेट परिसर, जोधपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम 'बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान' (विकास रथों की रवानगी) एवं सडक़ सुरक्षा जागरूकता अभियान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य तथा विधि परामर्शी एवं न्याय विभाग मंत्री जोगाराम पटेल ने उपस्थितजनों को सडक़ सुरक्षा की शपथ दिलवाई । पटेल ने मीडिया से संवाद कर आमजन से यातायात नियमों का पालन करने का आहवान किया।

कार्यक्र म के दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, लोकसभा सांसद (पाली) पी.पी. चौधरी, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, शहर विधायक अतुल भंसाली, बिलाड़ा विधायक अर्जुन लाल गर्ग, राजेंद्र पालीवाल, त्रिभुवन सिंह भाटी एवं ज्योति ज्याणी द्वारा दिव्यांगजन विद्यार्थियों को हेलमेट वितरित किए गए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने मीडिया से संवाद के दौरान सडक़ सुरक्षा को जीवन रक्षा का सशक्त माध्यम बताते हुए जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में पहुंचे सभी जनप्रतिनिधिगणों द्वारा जिले की आठों विधानसभाओं के विकास रथों (एलईडी मोबाइल वैन) का विधिवत पूजन कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में ढोल-थाली की मंगल धुनों के बीच, आकर्षक रंगोलियों के रंगों से सजे परिसर से विकास रथों को रवाना किया गया। ये विकास रथ सभी विधानसभा क्षेत्रों में जाकर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे।

इसी क्रम में परिवहन विभाग की ऑटो/वाहन रैली को भी मार्गदर्शन स्वरूप ध्वज दिखाकर प्रारंभ किया गया। यह रैली अपने निर्धारित मार्ग के अनुसार कलक्ट्रेट परिसर से नई सडक़, पुरी तिराहा, रेलवे स्टेशन, ओलंपिक चौराहा एवं जालोरी गेट से होते हुए सहकार भवन पर जाकर संपन्न हुई। कार्यक्रम की कड़ी में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा परिवहन विभाग के जागरूकता रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त प्रतिभा सिंह, जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार मिश्रा, एडीएम (प्रथम) जवाहर चौधरी सहित कई जने उपस्थित रहे।

## शोभा यात्रा के साथ कथा शुरू

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। स्थानीय गांधी कॉलोनी स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुक्रवार को शोभा यात्रा से शुरू किया गया। सात दिवसीय कथा जोधपुर निवासी संत तारादेवी के मुखारविंद से हो रही है।

प्रथम दिवस की कथा में संत तारादेवी ने भागवत महात्तम की व्याख्या की।उन्होंने जीवन में सत्य पर चलने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि अन्य ठान्थ, कथाएं जीवन जीने की कला बताती है, परन्तु श्री मद भागवत कथा जीवन कैसे सफल हो एवं परमपद कैसे प्राप्त हो, यह बताती है। कथा प्रारंभ होने से पूर्व हिंगलाज मंदिर से अनेकों महिलाएं तुलसी पौधे के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुई। संत ने पर्यावरण के प्रति भक्तों को जागरूक करने का सूत्र दिया। मीडिया प्रभारी प्रमोद जगानी ने बताया कि कथा में मधुसुदन शर्मा, शांतिलाल शर्मा,हिमांशु गिरी, दीपक शर्मा, झूमरलाल सोनी,श्रीगोपाल व्यास, आदि ने संत तारा देवी का स्वागत किया।

## सोना चांदी व नगदी पार

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट के जिला पूर्व में बनाड़ और मंडोर हलके में दो घरों में चोरों ने सैंध लगाकर लाखों के आभूषण और नगदी पार कर ली।

बनाड़ पुलिस ने बताया कि पावटा स्थित हाथियों की बावड़ी हाल हाल शिक्षक कॉलोनी खोखरिया निवासी पूनम देवी पत्नी पन्नालाल मेघवाल ने रिपोर्ट दी कि उसके घर से 10-11 दिसम्बर की रात में चोरों ने सैंध लगाकर वहां सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। वक्त घटना घर सूना था। बाद में पड़ौसी ने सूचना दी तब पता लगा। चोरी गए सामान का ब्यौरा फिलहाल पुलिस को नहीं दिया गया है।

वहीं मंडोर पुलिस के अनुसार पुनीत नगर हाल नरसिंग विहार लालसागर निवासी कैलाश कच्छावा के घर में भी चोरों ने सैंध लगाकर दो लाख की नगदी, पांच तोला सोने के आभूषण औ कुछ चांदी के सिक्के चोरी कर लिए।

# खर्रा ने विकास रथ रवाना किए

**पाली,**(नि.सं.)। बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान कार्यक्रम के तहत द्वितीय नवाचार दिवस पर पाली पहुंचे प्रभारी मंत्री ने बांगड़ कॉलेज में नवाचार प्रायोजित आइस्टर्ट कार्यक्रम आयोजित किया तथा बजरंग बाड़ी में जिला स्तरीय अनुसूचित जाति जनजाति स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।

प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने नवाचार दिवस पर बांगड़ कॉलेज पहुंचकर आई स्टार्टअप करने वाले विद्यार्थियों से उनके अनुभव साझा किए और नवाचारों पर राजस्थान सरकार द्वारा मिलने वाली सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की। साथ ही उन्होंने सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा बांगड़ कॉलेज में चलाए जा रहे आई स्टार्ट रूम का अवलोकन कर स्वच्छता की शपथ दिलाई बांगड़ कॉलेज से रवाना होकर बजरंग बाड़ी जिला स्तरीय अनुसूचित जाति जनजाति स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर में राजस्थान सरकार द्वारा नि:शुल्क गणवेश वितरण समारोह में भाग लेकर स्काउट एवं गाइड बालचरों को गणवेश वितरण की तथा गणवेश वितरण पश्चात उन्होंने सड़क सुरक्षा हेतु स्लोगन लिखने वाले बालचरों व रंगोली बनाने वाले बालिकाओं को जिला परिवहन विभाग द्वारा पुरस्कार वितरण किया उन्होंने जंबूरी में पाली स्काउट गाइड द्वारा राष्ट्रीय जंबूरी (लखनऊ, यू.पी.) किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई प्रदान की।

जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस ब्रीफिंग में उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा जनहित में किए गए कार्यों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम पश्चात उन्होंने विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर एल. एन. मंत्री, अतिरिक्त जिला कलेक्टर बजरंग सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी, जिला रोजगार अधिकारी मनीष थोरी, बांगड़ कॉलेज प्राचार्य महेंद्र सिंह, सीओ स्काउट-गाइड गोविन्द मीणा, डिंपल दवे, जन प्रतिनिधि महेंद्र बोहरा, तिलोक चौधरी, नारायण कुमावत, रामकिशोर साबु, देविलाल मेघवाल, राहुल मेवाड़ा, पंकज चौधरी, सुरेश पंवार सहित सभी विभाग के अधिकारी, स्काउट गाइड सहित कॉलेज के विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम पश्चात जयपुर रवाना हुए।

वहीं पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को पाली जिले के सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विकास रथों के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों एवं विकास कार्यों की जानकारी घर-घर तक पहुचेंगी।

# जैसलमेर से विकास रथ रवाना



जैसलमेर में जिला प्रभारी मंत्री व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर से विधानसभावार दो एलईडी विकास रथ रवाना किए। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जैसलमेर जिले में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए शनिवार को जिला प्रभारी मंत्री व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर से विधानसभावार दो एलईडी विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिला प्रभारी मंत्री ने बताया कि जिला प्रशासन एवं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ये विकास रथ आगामी 26 दिसम्बर तक जिले की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में गांव-गांव ढाणी-ढाणी तक जाकर केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने अल्प अवधि में नागरिकों के हित में ऐतिहासिक व अभूतपूर्व कार्य किए हैं। इस अवसर पर जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, जिला कलैक्टर प्रतापसिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे, अतिरिक्त जिला कलक्टर परसराम सैनी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रश्मि रानी, जिला परिवहन अधिकारी टीकूराम सहित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं विभागीय अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

## अवैध पार्किंग व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध ज्ञापन

**पाली,** (नि.सं.)। पाली शहर के नेहरू नगर क्षेत्र के निवासियों ने गुरुवार को विभिन्न समस्याओं को लेकर एडीएम, नगर निगम, पुलिस कोतवाली तथा ट्रैफिक कंट्रोल ऑफिस में अलग-अलग ज्ञापन सौंपे।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि मोहल्ले में मोबाइल टावर स्थापना, अवैध वाहन पार्किंग और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों के कारण लंबे समय से नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

मोहल्लेवासियों ने एडीएम व नगर निगम अधिकारियों को अवगत कराया कि प्रस्तावित मोबाइल टावर लगने से सडक संकरी हो जाएगी, आवागमन बाधित होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदीप पंच, राजेन्द्र धोका, विजयराज बोहरा, प्रवीण गोलेच्छा, हेमन्त सोनी, सुमन प्रकाश जैन, राजीव धोका, दिनेश सुराणा, गजेन्द्र कोचर, भरत कांकरिया, लोकेश कांकरिया, अनिल संचेती, मुकेश सोनी, मुरली सोनी, अभिषेक धोका और हर्ष भंसाली शामिल रहे।

# विधायक डॉ. अरुण चौधरी की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित

**बालोतरा,** (निसं)। परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज श्री वद्धमान आदर्श विद्या मंदिर अंग्रेजी माध्यम उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय सडक सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम सडक सुरक्षा के प्रति आमजन और विशेषकर युवाओं में जागरूकता बढाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। डॉ. चौधरी ने सडक सुरक्षा नियमों के महत्व और उनके जीवन में नियमित पालना के संबंध में आवश्यक जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि सडक सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का मंत्र है। वाहन चलाते समय हमेशा ध्यान रखें कि कोई हैं जो हमारा घर पर इंतजार कर रहा है। अपने एवं अपनों के प्रति सुरक्षा की इसी भावना का सम्मान करते हुए हमें अपने जीवन में सडक सुरक्षा नियमों को अपनाना होगा। सडक सुरक्षा नियम जीवन सुरक्षा का संकल्प है, इसे अपनी आदत बनाये।

उन्होने कहा कि सड़क सुरक्षा हेतु जागरूक होना हमारी प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने बताया कि राज्य सरकार सड़क हादसों में कमी लाने को लेकर गंभीरता के साथ कार्य कर रही है। आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों से अवगत करवाने को निरंतर कार्य मों का आयोजन किया जा रहा है। हमारा भी दायित्व बनता है कि हम सभी सुरक्षा के नियमों का पालन करें। सड़क हादसों से हाने वाली शून्यता को कभी भरा नही जा सकता।

पुलिस उप अधीक्षक अनिल कुमार ने भी विद्यार्थियों को सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होने कहा कि यदि आप सडक सुरक्षा नियमों की पालना करेंगें, तो आपके आसपास रहने वाले भी इसके प्रति जागरूक होगे।

जिला परिवहन अधिकारी भगवान गहलोत ने बताया कि सडक सुरक्षा अभियान के तहत जिले भर में जागरूकता कार्य म आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों और युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना प्राथमिकता है, ताकि वे सुरक्षित नागरिक बन सकें और सडक दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

कार्यक्रम के पश्चात सडक सुरक्षा वाहन रैली को पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान, पुलिस उप अधीक्षक अनिल कुमार ने हरी झंडी दिखा रवाना किया।

रैली में परिवहन विभाग के इंस्पेक्टर भारत जांगिड, पुष्पेंद्र शर्मा व ए पी चंदन सिंह सहित यातायात पुलिस से पप्पाराम अपने स्टाफ सहित शामिल हुए। रैली शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरती हुई जोधपुर रोड स्थित पृथ्वीराज धर्मकांटा पर समाप्त हुई। सडक सुरक्षा प्रचार रथ जिले के विभिन्न कस्बों गाँवो आदि में सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान का प्रचार प्रसार करेगा।

इस दौरान पूर्व सभापति पारस भंडारी, पूर्व प्रधान कल्याणपुर हरि सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के मुखिया पृथ्वीराज गोड्डी, प्राचार्य पूनमचंद सुथार समेत जनप्रतिनिधि, समाजसेवी सहित लोगों ने भागीदारी निभाई।

